

MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

" क्या हम भारत क हर ज़िले में एक mock parliament आयोजित कर सकते हैं ? जहाँ ये 18 से 25 वर्ष के युवा, मिल-बैठ करके New India पर मंथन करें, रास्ते खोजें, योजनाएँ बनाएँ ? मैं चाहता हूँ कि 15 अगस्त के आस-पास दिल्ली में एक Mock Parliament का आयोजन हो जहाँ प्रत्येक ज़िले से चुना गया एक युवा, इस विषय पर चर्चा करे कि कैसे अगले पाँच सालों में एक New India का निर्माण किया जा सकता है ? "

माननीय प्रधानमंत्री
**श्री नरेन्द्र मोदी**
मन की बात, 31.12.2017

# राष्ट्रीय युवा संसद योजना

**श्री राम नाथ कोविन्द,**
भारत के माननीय राष्ट्रपति
द्वारा
**श्री एम. वेंकैया नायडु**, भारत के माननीय उप-राष्ट्रपति
**श्री नरेन्द्र मोदी**, भारत के माननीय प्रधानमंत्री और
**श्री ओम बिरला**, माननीय अध्यक्ष, लोकसभा
**श्री प्रहलाद जोशी**, माननीय संसदीय कार्य मंत्री

*की सम्माननीय उपस्थिति में*
**राष्ट्रीय युवा संसद योजना के वेब पोर्टल का शुभारंभ**


**स्थान: केंद्रीय कक्ष, संसद भवन, नई दिल्ली**
**दिनांक:26 नवंबर, 2019**

## युवा संसद.........
## हम सब मिलकर भारतीय लोकतंत्र में हमारी आस्था का फिर से प्रतिज्ञान करें

- ☑ सभी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों के लिए खुला
- ☑ **किशोर सभा –** कक्षा IX – XII के विद्यार्थियों के लिए प्रतिभागिता
- ☑ युवा संसद का संचालन करने के लिए ऑन लाइन प्रशिक्षण
- ☑ वेब पोर्टल के माध्यम से प्रतिभागिता
- ☑ **तरूण सभा –** स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए प्रतिभागिता
- ☑ डिजिटल प्रतिभागिता प्रमाण पत्र / प्रशस्ति प्रमाण पत्र

https://nyps.mpa.gov.in/ https://www.facebook.com/MOPAIndia https://twitter.com/mpa_india

प्रधान मंत्री के सपने को साकार करने के लिए जो की सभी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों को युवा संसद कार्यक्रम के दायरे में लाना हैं, संसदीय कार्य मंत्रालय ने नेशनल इन्फोरमेटिक्स सेंटर (एन.आई.सी.) के समन्वय से युवा संसद से संबंधित एक वेब-पोर्टल तैयार किया है ताकि लोकतांत्रिक भावना को देश के हर हिस्से में विकसित किया जा सके।




युवा पीढ़ी में लोकतांत्रिक भावना विकसित करने के उद्देश्य से, संसदीय कार्य मंत्रालय वर्ष 1966 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली और नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालयों और विश्वविद्यालयों/कॉलेजों में युवा संसद कार्यक्रम को कार्यान्वित करता रहा है। अभीतक, मंत्रालय के युवा संसद कार्यक्रम के तहत लगभग 8000 शैक्षणिक संस्थानों और 4,00,000 से अधिक विद्यार्थियों को कवर किया गया है।





[श्री अर्जुन राम मेघवाल, माननीय एमओएस,पंजाब विश्वविद्यालय, बठिंडा के छात्रों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ दिनांक 29-09-2019 को पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर।]

## युवा संसद से संबंधितवेब-पोर्टल

देश के सभी शिक्षण संस्थानों में युवा संसद कार्यक्रम को पहुँचाने के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय ने नेशनल इन्फोरमेटिक्स सेंटर (एन.आई.सी.) के समन्वय से युवा संसद से संबंधित एक वेब-पोर्टल तैयार किया है। इस वेब-पोर्टल के माध्यम से, देश के सभी शिक्षण संस्थानों को युवा संसद कार्यक्रम के दायरे में लाने का लक्ष्य है।




## पोर्टल पर आधारित कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं

- देश के सभी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान इस कार्यक्रम में भाग लेने के पात्र हैं।
- कक्षा IX से कक्षा XII के विद्यार्थियों के लिए **किशोर सभा**
- स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए **तरूण सभा**
- प्रतिभागिता के लिए पंजीकरण युवा संसद के वेब- पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।
- पोर्टल पर प्रतिभागियों की ऑनलाइन स्वयं शिक्षा हेतु ई-प्रशिक्षण मॉड्यूल उपलब्ध हैं।
- सफलता पूर्वक पंजीकरण के पश्चात, शैक्षणिक संस्थान अपने संबंधित संस्थानों में युवा संसद की बैठकों का संचालन कर सकेंगे।
- योजना का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, प्रतिभागी संस्थान किसी सांसद / पूर्व सांसद / विधान सभा सदस्य/ पूर्व विधान सभा सदस्य / विधान परिषद सदस्य / पूर्व विधान परिषद सदस्यया किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करेंगे जो संस्थान की युवा संसद की बैठक के प्रदर्शन का मूल्यांकन करेंगे।
- शैक्षणिक संस्थानों के लिए वेबपोर्टल पर युवासंसद की बैठक के संचालन के संबंध में एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी अपेक्षित है। उनके लिए कार्यक्रम के फोटो / वीडियो भी वेब –पोर्टल पर अपलोड करना अपेक्षित है।
- प्रतिवर्ष, राष्ट्रीय महत्व के समसामयिक और वर्तमान विषयों के अलावा सरकार की नीतियों और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान, जन धन योजना आदि जैसे कार्यक्रमों से संबंधित कुछ विशिष्ट विषयों को युवा संसद में चर्चा के लिए निर्धारित किया जाएगा।
- बैठक में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को वेब पोर्टल के माध्यम से डिजिटल **"प्रतिभागिता प्रमाण पत्र"** मिलेगा और प्रभारी- अध्यापकों तथा संस्थान के प्रमुख को डिजिटल **"प्रशस्ति प्रमाण पत्र"** मिलेगा।
- युवा संसद की बैठक की अवधि एक घंटे से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- प्रतिभागी किसी भी अधिसूचित भाषा, अधिमानत: हिंदी और अंग्रेजी में बोल सकते हैं।
- युवा संसद की प्रत्येक बैठक में लगभग 50- 55 विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं।

NATIONAL YOUTH PARLIAMENT SCHEME
Government of India
Ministry of Parliamentary Affairs

संसदीय कार्य मंत्रालय
संसद भवन
नई दिल्ली - 110001
Ministry OF Parliamentary Affairs
PARLIAMENT HOUSE
NEW DELHI - 110001

**Ref. No. :** K/2019-2020/NYPS0001

**Date : 11 October 2019**

**Subject :** Registration under NYPS **Kishore Sabha** for the year 2019-2020

**Sir / Madam,**

With reference to your application for registration of your school for participation in **NYPS Kishore Sabha** for the year 2019-2020.
Your registration is confirmed as per the details given below :

| | |
|---|---|
| **1. Registration ID** | : K-2019-2020/0001 |
| **2. Name of Institution** | : DAV Inter College |
| **3. Category** | : Kishore Sabha |
| **4. Year** | : 2019-2020 |
| **5. Institution Head Name** | : Ajay Kumar |
| **6. Institution Head Designation** | : Principal |
| **7. Mobile** | : 7827524430 |
| **8. Email** | : ajay@gmail.com |

Your login credentials have been sent to your registered mobile number. Please go through the scheme guidline given on the website to organize the Youth Parliament event and upload the deatils online.

For any further enquiry, you may please send email at **nyps-mpa@nic.in**. You may also send your query online using **Feedback** option available on the NYPS portal **(https://nyps-mpa.gov.in)**

Thanking You

Yours Sincerely

**Dr. Satya Prakash Khatana**
Joint Secretary

**Website : https://nyps-mpa.gov.in**

NATIONAL YOUTH PARLIAMENT SCHEME
Government of India
Ministry of Parliamentary Affairs

संसदीय कार्य मंत्रालय
संसद भवन
नई दिल्ली - 110001
Ministry OF Parliamentary Affairs
PARLIAMENT HOUSE
NEW DELHI - 110001

## CERTIFICATE OF PARTICIPATION

This certificate is presented to

**Satish Kumar Singh**

for participating in the Youth Parliament sitting (Kishore Sabha) organized by

**DAV Inter College/Aya Nagar,Phase-5,Ghitorni,South West,Delhi *,1 0047**

on **14 October 2019** under the National Youth Parliament Scheme **(NYPS)** of

Ministry of Parliamentary Affairs, Govt. of India

K-2019-2020/0001/ST0001

New Delhi
**14 October 2019**

Secretary
**Ministry Of Parliamentary Affairs**
Govt. Of India

# मूलभूत परिवर्तन

| क्र. सं. | मदें | वर्तमान कार्यक्रम | पोर्टल पर आधारित नया कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| □. | शैक्षणिक संस्थानों की प्रतिभागिता | 300 शैक्षणिक संस्थान प्रतिवर्ष | सभी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान |
| □. | विद्यार्थियों की प्रतिभागिता | 18000 प्रतिवर्ष | कक्षा IX और उससे ऊपर की कक्षाओं के सभी विद्यार्थी |
| □. | डिजिटल अनुकूलता | लगभग नगण्य | 100 % |
| □. | प्रशिक्षण | अभिविन्यास पाठ्यक्रम के माध्यम से भौतिक प्रशिक्षण | ई- प्रशिक्षण और स्वयं- शिक्षा |
| 5. | प्रमाण पत्र | सिर्फ सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों के लिए | सभी प्रतिभागियों के लिए डिजिटल प्रमाण पत्र |

MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार
संसदीय कार्य मंत्रालय

राष्ट्रीय युवा संसद योजना
संसदीय कार्य मंत्रालय,
कमरा नं .: 97, संसद भवन, नई दिल्ली -110001
वेबसाइट: https://nyps.mpa.gov.in
ईमेल: nyps-mopa@gov.in
संपर्क नंबर: 011-23034759